Title: Need for early laying of proposed Ramtek Gotegaon rail line in Madhya Pradesh.-Laid.

16.01 hrs.

श्री रामनरेश त्रिपाठी (सिवनी) : महोदय, भारत सरकार के रेल मंत्रालय द्वारा बहुत सारी नई रेलगाड़ियां चलाने की योजना बनाई गई लेकिन मध्य प्रदेश उससे अछूता रह गया। मध्य प्रदेश इस देश का विशालतम लेकिन पिछड़ा प्रदेश है, जहां रेलवे लाइनों का विकास न होने के कारण यहां की वन-संपदा तथा खनिज-संपदा का दोहन नहीं हो सका। रेल मंत्रालय में रामटेक से गोटेगांव रेलवे मार्ग वर्षों से प्रस्तावित है। पिछली सरकार के रेल मंत्री ने इसका सर्वे कार्य दिसम्बर ९९ तक पूर्ण कराने का आश्वासन दिया था परन्तु जिस गति से कार्य चल रहा है उससे वर्षों इसके निर्माण की उम्मीद नहीं है। प्रस्तावित रामटेक से गोटेगांव रेलवे लाइन इस देश की महत्वपूर्ण रेलवे लाइन है। इसके निर्माण से उत्तर-दक्षिण की दूरी ३५० कि.मी. कम होगी तथा मध्य प्रदेश के सिवनी, बालाघाट, मंडला जैसे पिछड़े लिजे रेलवे लाइन से जुड़ जायेंगे तथा उनकी प्र ाचुर वन एवं खनिज संपदा का दोहन होकर औद्योगिक विकास हो सकेगा।